तापमान

अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 9 मई 2025



11 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल ...





12 गांव जसिया में मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयों ...




## खबर संक्षेप

### मदवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमपीएड प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा एमए-लोक प्रशासन पंचवर्षीय के प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 15 मई से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमएड दूसरे सेमेस्टर केवल यूटीडी के शिक्षा विभाग की रेगुलर व री-अपीयर, एमएड चौथे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा एमएड तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर की यूटीडी व संबद्ध महाविद्यालयों की एमएड स्पेशल एजुकेशन तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, यूजी इंजीनियरिंग-बीटेक व बी आर्क के चौथे, छठे व आठवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा सातवें सेमेस्टर की री-अपीयर, पीजी इंजीनियरिंग-एमटेक दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एम प्लानिंग दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा एमआर्क के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षाएं 15 मई से प्रारंभ होंगी।

### बाइक चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। बहुअकबरपुर थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि गद्दी खेड़ी निवासी नीरज की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 24 दिसंबर 2024 को बाइक को अपने घर के आंगन में खडा किया था। अज्ञात युवक बाइक चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 7 मई को आरोपी कमलदीप उर्फ सोनू निवासी जिला हिसार को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में शामिल रहे आरोपी अमन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### डॉ. लोकेश बल्हारा ने संभाला कार्यभार



**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेश बल्हारा ने राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे और महाविद्यालय की उन्नति के लिए अपना हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर डॉ. मीनू नैन, डॉ. वीणा सचदेवा, डॉ. रेनू हुड्डा, डॉ. सुभाष बलहारा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि रोहतक हिसार रोड नजदीक खाटु श्याम चौक वाहद रक्बा गांव बहुअकबरपुर के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान विकास उर्फ बबलु निवासी गांव बसाना के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना बहुअकबरपुर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

---

▶▶ चुनाव खर्च का ब्यौरा नहीं दिया ▶▶ अब कमिश्नर अपील स्वीकार करें तो बच सकती है कुर्सी

# जिला परिषद वार्ड 7 की सदस्य सीमा अयोग्य घोषित

**डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने गिराई गाज**

- चुनाव लड़ने वाले 50 अन्य भी अपात्र किए घोषित

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

चुनाव खर्च का ब्यौरा न देने पर डीसी ने जिला परिषद के वार्ड नंबर-सात की सदस्य सीमा को अयोग्य घोषित कर दिया है। इनके अलावा जिला परिषद का चुनाव लड़ने वाले 50 अन्य उम्मीदवार भी अपात्र करार दिए गए हैं। सीमा समेत, सभी पर अब आगामी पांच वर्ष के लिए इलेक्शन लड़ने पर प्रतिबंध रहेगा। यानी वर्ष 2027 में होने वाला आम चुनाव ये नहीं लड़ पाएंगे। उपायुक्त ने ये कार्रवाई पंचायती राज अधिनियम के तहत की है। अपात्र घोषित किए गए उम्मीदवारों ने नवंबर 2022 में हुए जिला परिषद के चुनाव में कितना पैसा खर्च किया, इसकी जानकारी डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को नहीं दी। निर्वाचन अधिकारी बार-बार इन्हें लिखित पत्र भेजते रहे। बावजूद इसके इन्होंने अपना चुनाव खर्च के बारे में डीसी को खर्च बारे में अवगत नहीं करवाया। कायदे से खर्च का विवरण एक महीने में देना होता है।




जिला विकास भवन फाइल

### अयोग्य घोषित करना बड़ा मामला

सीमा को अयोग्य घोषित करना बड़ा मामला है। क्योंकि वे जिला परिषद की इस समय सदस्य हैं। बाकि जिन प्रत्याशियों को अपात्र करार दिया गया है, उन पर कोई लंबा चौड़ा फर्क नहीं पड़ता। वे केवल 2027 का आम चुनाव ही नहीं लड़ सकते हैं। जबकि सीमा की सदस्यता भी रद हो सकती है। अगर इनकी अपील रोहतक के आयुक्त ने अस्वीकार कर दी तो। ध्यान रहे कि डीसी के फैसले के विरूद्ध सीमा, कमिश्नर रोहतक को अपील कर सकती है। इनके पास अन्य कोई और विकल्प नहीं है। अगर आयुक्त इनकी अपील को खारिज कर देता है तो फिर इनकी सदस्यता स्वतः ही रद हो जाएगी और इनके वार्ड का दोबारा से इलेक्शन करवाया जाएगा। इन परिस्थितियों में चुनाव होता है तो फिर ये दोबारा से इलेक्शन भी नहीं लड़ पाएंगी।

### होता है जरूरी

चुनाव खर्च का विवरण लेने के लिए प्रशासन की तरफ से अलग से व्यवस्था की जाती है। नियमित रूप से चुनाव खर्च की जानकारी उम्मीदवारों को देनी होती है। कई बार ऐसा भी होता है कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी इतने व्यस्त हो जाते हैं कि वे खर्चा रजिस्टर जमा नहीं करवा पाते। ऐसे में प्रत्याशियों को रजिस्टर जमा करवाने का समय दिया जाता है। अगर इस दौरान भी ये गफलत बरतते हैं तो फिर उनके खिलाफ पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमल में लाते हैं। ताकि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता बनी रहे। ध्यान रहे कि गत चुनाव में जिला परिषद का उम्मीदवार अधिकतम 6 लाख रुपए खर्च कर सकता था।

### इन पर भी कार्रवाई

भालौठ गांव की सीमा के अलावा समरगोपालपुर के प्रवीन और अजीत सिंह, बसाना के सुरेंद्र, मदीना कोरसाण के राकेश, खरक जाटायण की पूनम, पाकस्मा की प्रिया, मोखरा रोज के अमित,घुसकानी के सुरेंद्र सिंह, मदीना कोरसाण के मुकेश,लाखनमाजरा के गुरमीत, हुमायंपुर के प्रमोद कुमार, करौंथा की रजनी, लाढ़ौत की ज्योति, बेडवा के दीपक, चिड़ी के धर्मेंद्र, लाखनमाजरा के हिम्मत सिंह, मोखरा खेड़ी के भीम सिंह, मदीना कोरसाण की सोनिया, गढ़ी बल्ब की पूनम, हसनगढ़ की पूनम, समरगोपालपुर कलां की दीपिका, अटायल के सोनू, घरोठी के संदीप, टिटौली के संदीप, खरावड़ के रवीश, सैमाण खास की सुजाता, फरमाणा खास के अमित और जयदीप, पाकस्मा की रिचा,रिठाल फोगाट की अंजलि नैन, गढ़ी बल्ब की पूजा, मोखरा खेड़ी रोज के जोमबीर सिंह, खिड़वाली के नवीन, जसिया की नेहा,काहनौर की आशा, रिठाल नरवाल की आराधना, खरैंटी की अंजू,बनियानी की वर्षा, खिडवाली के मंजीत हुड्डा, मकड़ौली कला की अरूणा चौधरी,किलोई खास के संजीत, निंदाना तिगरी की मोनिका रानी, बहलबा के शीश राम, कटेसरा के भूप सिंह, निगाणा के सीनू, हुमायंपुर की सुरेंद्र कुमार, पटवार की वीना रानी और मदीना गिंधराण की सुमन पर डीसी ने गाज गिरा दी है। कार्रवाई के बाद सभी को डीसी ने डाक से पत्र भी भेज दिया है।

### ये हैं सदस्य

ध्यान रहे कि जिला परिषद एक वार्ड नंबर एक का प्रतिनिधित्व अमित कुमार, दो का पूजा रानी, तीन का मांगेराम, चार का अनिल कुमार, पांच का मंजू, छह का सतपाल, 7 का सीमा, आठ का धीरज मलिक, नौ का नीलम, दस का जयदेव दादू, ग्यारह का दीपिका,बारह का सुमन, तेरह का सतीश तथा वार्ड नंबर 14 का सोनू करते हैं।

---

आज अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

## निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को नगर आयुक्त का कार्यभार संभाला लिया है। डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का समय पर लाभ प्रदान करने के प्रयास में रहेंगे। आमजन के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा उनको दी जाने वाली सेवाओ का लाभ समय पर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगें। 9 मई शुक्रवार को अधिकारियो के साथ बैठक आयोजित कर निर्देशित किया जाएगा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समय पर लाभार्थियो को प्रदान किया जाए। आमजन से प्राप्त समस्याओं का समय पर निपटान किया जाएगा। ताकि उनको किसी प्रकार की असुविधा न हो सके। बैठक के दौरान नगर निगम के चल रहे विकास कार्यो जैसे कि सम्पत्तिकर के कार्य, सफाई के कार्य इत्यादि की समीक्षा की जाएगी। नगारिकों से भी संपत्ति की सूचना स्वत प्रमाणित करने व आबादी देह तथा लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली संपत्तियो के अधिभोगियों को संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के कार्य में सहयोग लिया जाएगा। आबादी देह तथा लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली संपत्तियो के अधिभोगियों को जल्द से जल्द संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए प्रर्यासरत रहेंगें। सफाई कार्य पर जोर दिया जाएगा तथा जनभागीदारी के तहत कार्य किए जाएंगे, आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। क्योकि यह कार्य आप सभी के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

### आईफोन खरीदने के नाम पर 2 लाख 50 हजार की ठगी, पुलिस ने लौटाए

**रोहतक।** साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम पोर्टल पर एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें किलोई निवासी नीरज ने बताया कि इंस्टाग्राम पर आईफोन 16 प्रो के संबंध में एक विज्ञापन देखा। जिसमें तीन आईफोन की कीमत 2,50,000 रुपये दर्शाई गई। नीरज ने विज्ञापन में दर्शाए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया और उनके द्वारा बताए गए बैंक खाता में 2,50,000 रुपये भेज दिए। इसके तुरंत बाद साइबर अपराधियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए गया। नीरज को आभास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। नीरज ने तुरंत साइबर अपराध पोर्टल (1930) पर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत मिलने पर जिस खाता में पैसे ट्रांसफर हुए उस खाता को फ्रीज करवाया गया। अदालत के आदेश पर फ्रीज करवाई गई धनराशि को वापस पीड़ित के खाते में भिजवाने की प्रक्रिया पूरी करते हुए 2 लाख 40 हजार रुपये लौटाये है।

---



### मदवि में एनएसएस सत्र के लिए आवेदनों की गहनता से की जांच

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एनएसएस सत्र 2024-2025 के लिए विभिन्न महाविद्यालयों से प्राप्त आवेदनों एवं दस्तावेजों की जांच और सत्यापन के लिए आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एनएसएस सेल की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सविता राठी ने की। उन्होंने दस्तावेजों की निष्पक्ष एवं व्यवस्थित जांच सुनिश्चित करने के लिए समिति के सभी सदस्यों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से आवेदनों की गहनता से जांच की। बैठक में गठित जांच समिति के सदस्य डॉ. अंजू पंवार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, गणित विभाग, डॉ. गुरदियाल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, यूआईईटी, डॉ. एकता रानी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, इमसॉर, डॉ. नीलम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत तथा डॉ. पूनम यादव, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, कन्या महाविद्यालय, खरखौदा उपस्थित रहे।

---

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार बोले

## आर्थिक तंगी अब लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा में बाधा नहीं

- वर्ष 2024-25 में जिले में ऐसी लड़कियों-महिलाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए 37 लाख 76 हजार 710 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि देश-विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लड़कियों व महिलाओं के सपनों को साकार करने में अब कमजोर आर्थिक स्थिति बाधा नहीं बनेगी। इसके लिए सरकार द्वारा शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज पर अनुदान दिया जा रहा है। गत वित्त वर्ष 2024-25 में जिला में ऐसी लड़कियों-महिलाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए 37 लाख 76 हजार 710 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई है। इनमें से 13 लड़कियां विदेशों में शिक्षा ग्रहण कर रही है। नरेंद्र कुमार ने बताया कि सीमित साधनों, अत्यधिक फीस और बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज के भार के कारण व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व चिकित्सा शिक्षा आदि प्राप्त करने से वंचित रहने वाली छात्राओं के शिक्षा के लक्ष्य को सुगम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सार्थक प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा छात्राओं पर शिक्षा ऋण के भार को कम करने के लिए पांच प्रतिशत ब्याज राशि बतौर सब्सिडी दी जा रही है। लाभार्थियों को 23 लाख 90 हजार 122 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई है।

---

एफएसएल इंचार्ज सरोज दहिया मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए

## दो अलग-अलग जगहों पर महिलाओं ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी व एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया।

शहर में दो अलग-अलग जगहों पर महिलाओं ने अलग-अलग कारणों के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना सिटी थाना व अर्बन स्टेट पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, एफएसएल इंचार्ज सरोज दहिया मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

बता दें कि सिटी थाना क्षेत्र में कृष्णा कॉलोनी के अंदर एक मकान में महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 40 वर्षीय सुनीता पत्नी सतीश के रूप में हुई। मृतका के पति सतीश ने बताया कि सुनीता के पिता का पिछले महीने ही देहांत हो गया था, जिसके बाद से सुनीता मानसिक रूप से तनाव में थी। इसी तनाव के चलते सुनीता ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है। सूचना पाकर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। सिटी थाना थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के बयान पर कार्रवाई की गई है। कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### कबीर कॉलोनी में महिला ने की खुदकुशी

वहीं, दूसरी ओर कबीर कॉलोनी में ब्यूटी पार्लर के अंदर महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान एकता कॉलोनी निवासी 36 वर्षीय सोनिया पत्नी सोमपाल के रूप में हुई, जो कबीर कॉलोनी में ब्यूटी पार्लर का काम करती थी। मृतका एक 15 साल का लड़का, 11 साल व 8 साल की दो लड़की है। महिला के आत्महत्या करने के पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप ने बताया कि ब्यूटी पार्लर के अंदर महिला के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। महिला के परिवार की तरफ से कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

---

**समाधान** | जिला परिषद सीईओ प्रदीप कौशिक ने सुनीं शिकायतें

## समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाएं अधिकारी

**साधारण कागज पर हाथ से लिखी शिकायत पर होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार नागरिकों की विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के एक छत के नीचे निपटारे के लिए सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है तथा हर शुक्रवार को इन शिविरों की लंबित शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह के साथ लघु सचिवालय स्थित सभागार में नागरिकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए आश्वस्त किया कि संबंधित विभाग द्वारा इन शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा कर दिया जाएगा।

उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को भी इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिक साधारण कागज पर हाथ से अपनी शिकायत या समस्या लिखकर समाधान शिविर में आए, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा पूरी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, पशुपालन विभाग के डॉ. राजेश ढांडा, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज, परिवहन विभाग के यातायात प्रबंधक नवीन, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश व सतीश चौधरी मौजूद रहे।




**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह।

---



## कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 28 छात्रों ने दिए साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीबी एंटरप्राइजेज ने सेल्स एग्जीक्यूटिव, अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव और एचआर एग्जीक्यूटिव जैसे विभिन्न पदों पर चयन को लेकर एमडीयू कैंपस का दौरा किया। प्रो. दिव्या मल्हान (निदेशक, सीसीपीसी) ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों से 60 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया और 28 साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। जीबी इंटरप्राइजेज की एचआर मैनेजर विजय और दीपिका ने साक्षात्कार आयोजित किए।

डॉ. सौरभ कांत और डॉ. अमन वशिष्ठ (उप निदेशक, सीसीपीसी) ने प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन एवं समन्वयन किया। चयनित विद्यार्थियों के नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

एचआर टीम सभी विद्यार्थियों की समीक्षा करने के बाद चयन परिणाम घोषित करेगी। इस मौके पर अमित, सुमन, नीलम और नरेंद्र मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को करवाया आपातकालीन अभ्यास

**बहादुरगढ़।** दरियापुर के रणबीर सिंह मॉडल स्कूल में आपातकालीन अभ्यास का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों और स्टाफ को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों और शिक्षकों ने इस अभ्यास में अनुशासित और सक्रिय भागीदारी निभाई। छात्रों को आपात स्थिति में सुरक्षित रूप से बाहर निकलने की प्रक्रिया समझाई गई। प्रधानाचार्या किरण वर्मा ने बताया कि आपातकाल में हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए और ऐसी परिस्थितियों का डटकर सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### छारा कॉलेज में हुई क्विज प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में विश्व यूथ रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन में कॉलेज की वाईआरसी यूनिट द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसरा पर यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. श्वेता ने बताया कि यूथ रेडक्रॉस का उद्देश्य युवाओं में मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। युवाओं को समाज कल्याण, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया और संगठन के सिद्धांतों को बेहतर ढंग से समझा।

### कैथल में होगी अग्रवाल वैश्य समाज की बैठक

**बहादुरगढ़।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश सचिव प्रेम बंसल ने बताया कि लोगों को जागरूक करने का अभियान निरंतर जारी है। समाज को मजबूत करने और दिखावा बंद करने के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत समाज की आगामी बैठक 11 मई को कैथल के विश्वकर्मा चौक के निकट होगी। प्रेम बंसल के अनुसार अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने पूरे राज्य में समाज के लिए जागरूकता अभियान चला रखा है।

## आशा वर्कर्स ने मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

# 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बानाने पर बनी रणनीति

सीटू समेत केंद्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पहुंचने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते आशा वर्कर्स। *फोटो : हरिभूमि*

आशा वर्करों ने वीरवार को अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए सीएमओं कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा है। आशा वर्करों और फैसिलिटेटर के बकाया वेतन के तुरंत भुगतान, विभाग द्वारा सेल्फ अप्रेजल परफॉर्म उपलब्ध करवाने की मांग एवं आशा वर्कर सुमन, दीक्षा के साथ द्वारा की गई मारपीट एवं आशा वर्करों से करवाई जा रही बेगारी के खिलाफ आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा (सीटू) के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया गया। सीटू समेत केंद्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर होने वाली 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने का आह्वान भी किया गया।

सीटू जिला कोषाध्यक्ष धर्मवीर हुड्डा, यूनियन जिला उप प्रधान पुष्पा ने कहा कि 2023 की हड़ताल के अंदर सरकार की सहमति के अनुसार आशा वर्कर्स के कटे हुए पैसे अभी तक नहीं मिले हैं। उनको जल्द से जल्द दिलवाया जाए और आशा वर्कर्स के रजिस्टर समय पर विभाग द्वारा छपवाकर दिए जाएं। विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बनी सहमति में कहा था कि आशा वर्कर्स के अपरेजल के अंदर एएनएम के साइन करवाने की कोई जरूरत नहीं रहेगी। हम विभाग जल्द से जल्द ऑनलाइन परफॉर्म के अंदर सुधार करेंगे। भिवानी जिला की आशा वर्कों के साथ मारपीट की है। उक्त मसले में विभाग द्वारा जांच करवाई जानी चाहिए और आशा वर्कर्स को न्याय दिलवाया जाए। इस दौरान सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद के अलावा, शर्मिला, सुमन, सरिता, ममता, सोनू, ज्ञान देवी, सीमा, कृष्णा ने भी संबोधित किया। आशा वर्कर के पास समय पर ना तो आयरन सिरप मिलता है, ना आयरन की टेबलेट, कैल्शियम की टेबलेट नहीं मिलती। गर्भवती को समय पर उपचार के लिए आशा वर्कर लेकर जाती है तो गर्भवती के चेकअप के लिए आशा वर्कर को ही घुमाया जाता है।

### आशा वर्कर्स को किया जा रहा प्रताड़ित

यूनियन जिला सह सचिव रेमन और कोषाध्यक्ष अनीता ने कहा कि पूरे हरियाणा में विभाग द्वारा अलग-अलग जिलों में आशा वर्करों को अलग-अलग तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है। आशा वर्कर्स को डराया- धमकाया जा रहा है। उनके ऊपर दबाव बनाकर अनेक प्रकार के विभागीय काम करवाए जा रहे हैं और हटाने की धमकी तक दी जाती है। पूरे हरियाणा के अंदर कई जगहों पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा आशा वर्करों के साथ मानसिक आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले सामने आए है। सुमन ओर दीक्षा आशा वर्करों के साथ की गई मारपीट का मामला सामने आया है।



## मानसिक तनाव के बारे में माता-पिता को बताएंः हाशमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक राजेश सांगवान की अध्यक्षता में मानसिक जागरूकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व सहर हाशमी द्वारा किया गया।

सहर हाशमी ब्रेकिंग स्टिग्मा वन माइल एट ए टाइम नाम से एक बाइक जत्था जैसे सामाजिक संगठन में शामिल है। उन्होंने कहा कि बहुत से विद्यार्थी आधुनिक समय में किसी न किसी मानसिक तनाव या बीमारी से जूझ रहे होते हैं, यदि समय रहते वे अपनी समस्याओं को अपने अभिभावकों या माता-पिता के साथ बांट लें तो आत्महत्या, एंजायटी जैसी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता देव देसाई ने कहा कि कुछ बच्चे एक टैग लगा लेते हैं कि वह यह काम नहीं कर सकते हैं, उनके अंदर कोई गुण नहीं है। इस तरह का टैग लगाना आगे चलकर खतरनाक साबित हो सकता है। कुछ बच्चे डर और शर्म की वजह से भी अपनी मानसिक बीमारी को अनदेखा कर देते हैं। इस कार्यक्रम में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के अध्यक्ष श्री प्रमोद गौरी, हरियाणा विज्ञान मंच के सचिव श्री सतवीर नांगल, विजुअल स्टोरी टेलर और फिल्ममेकर सामन्यु शुक्ला, नाज़नीन शेख और महाराजुद्दीन भट्ट और विज्ञान विभाग के प्रभारी राम मेहर शर्मा भी उपस्थित रहें। डाक्टर रणबीर दहिया, लाभ सिंह हुड्डा और सुश्री मनीषा हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से शामिल रहे। स्कूल प्रधानाचार्य मनीषा सांगवान ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जब भी वे इस तरह की किसी समस्या से जूझ रहें हों तो सबसे पहले अपने माता-पिता से संपर्क करें और अपने अध्यापकों से इस बारे में बात करें।

## रेडक्रॉस कार्यकर्ता वहां खड़े हैं, जहां मदद की सबसे ज्यादा जरूरतः डॉ जयपाल शर्मा

- गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में कॉलेज की रेडक्रॉस इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी डुनेंट के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया गया। इसके बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म से कॉलेज प्राचार्य, रेडक्रॉस परामर्शदाता और स्वयंसेवकों ने राज्यपाल का संदेश सुना। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा ने कहा कि आज का दिन केवल एक दिन नहीं ,है बल्कि यह हर उस स्वयंसेवक को सलाम है जो आपदा क्षेत्रों में आशा लेकर आता है। संघर्ष क्षेत्रों से लेकर अस्पतालों तक रेड क्रॉस कार्यकर्ता वहां खड़े हैं जहां मदद की सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। उन्होंने कहा कॉलेज कि यूथ रेडक्रॉस इकाई भी आपदा के समय हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार रहती है। इस मौके पर डॉ तरुण वत्स, डॉ मनीषा कौशिक, डॉ कपिल कौशिक आदि मौजूद रहे।

## नवाचार और संवाद की दिशा में छात्रों का सशक्त कदम

- बिजनेस स्टडीज विषय के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को बिज़नेस स्टडीज़ विषय के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय डिजिटल करेंसी बनाम क्रिप्टोकरेंसी, जिस पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने पक्षों को तर्कों के साथ प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन वंदना सभा में किया गया। जहां विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकगण और अन्य विद्यार्थियों ने श्रोताओं के रूप में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने डिजिटल करेंसी जैसे कि यूपीआई, डिजिटल रुपया आदि की सुरक्षा, सरकारी मान्यता और व्यापक उपयोगिता को रेखांकित किया, वहीं क्रिप्टोकरेंसी की वैश्विक स्वीकृति, निवेश के नए अवसर और विकेंद्रीकरण के फायदे जैसे मुद्दों को सामने रखा। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि आज की प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों की सोच को व्यापक दृष्टिकोण देती है, बल्कि उन्हें वर्तमान आर्थिक परिवेश को समझने का भी अवसर प्रदान करती है। डिजिटल करेंसी और क्रिप्टोकरेंसी जैसे विषय भविष्य के वित्तीय जगत का आधार हैं, और हमारे छात्रों ने जिस आत्मविश्वास व समझदारी से अपने विचार प्रस्तुत किए, वह सराहनीय है। हम शिक्षा भारती विद्यालय में केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि छात्रों को वास्तविक जीवन से जोड़ने का प्रयास भी निरंतर करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।



### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत किया जागरूक

**रोहतक।** गांव किलोई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीडी शर्मा की अध्यक्षता में किलोई सीएचसी के अंतर्गत गांव मकड़ौली कला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत जनता को जागरूक किया गया। ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर अंजू बाला ने आम जनता से लिंगानुपात बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि यदि गिरते हुए लिंगानुपात को नहीं रोका तो भविष्य में हम एक संतुलित समाज की कल्पना नहीं कर सकते। जब संतुलन बिगड़ा है, तो नुकसान होना पक्का होता है अर्थात अपराध को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को अपने ही राज्य का पानीपत जिला से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इस कार्यक्रम को हम सभी ने मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने पीएनडीटी के बारे में बताया कि प्रसव पूर्व लिंग जांच करवाना अपराध है। यदि ऐसा करता या करवाता कोई पकड़ा जाता है, तो उसे सजा का प्रावधान है।

## इंडस में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा

- अगर आपके पास आशा है तो आपके पास किसी भी स्थिति में जीतने का मौका है : डॉ. एकता सिंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




इंडस पब्लिक स्कूल में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन कक्षा आठवीं के छात्रों द्वारा किया गया। सभा के प्रारंभ में गायत्री मंत्र, प्रार्थना, छात्र आर्यन ने आज का शब्द व विचार, छात्रा समीहा व आरूषी ने रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन पर भाषण, छात्रा अश्मि ने कविता व छात्र मयंक कौशिक व छात्रा यतिका ने बंगाली वेशभूषा में नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। छात्रा एकांशी ने बंगाली भाषा में बंगाली गीत की प्रस्तुति द्वारा खुब तालियां बटोरी। विद्यार्थियों ने अपने राष्ट्र व मातृभूमि की रक्षा की शपथ ली। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर एक विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता हुए हैं। उनके द्वारा रचित राष्ट्रगान हमारे राष्ट्र की आन-बान और शान है। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर कहा करते थे कि यदि आपके पास आशा है तो आपके पास किसी भी स्थिति में जीतने का मौका है। विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने शिक्षण विधि को सर्वोत्तम विधि बताते हुए लिखा है भ्रमण के समय शिक्षण सर्वोत्तम विधि है।



## वाद-विवाद प्रतियोगिता में जस्टिस हाउस विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जस्टिस हाउस विजयी रहा। प्रतियोगिता का विषय निगरानी प्रौद्योगिकी रहा। प्रिंसिपल अनिल हुड्डा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। सभी ने जस्टिस हाउस को बधाई दी।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर लगाया रक्तदान शिविर

# राष्ट्र देवो भवः मिशन के सहयोग से आयोजित किए गए शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया

- नगराधीश अंकित कुमार ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी व अन्य । *फोटो : हरिभूमि*


**रोहतक।** आयोजित शिविर में रक्तदाता को सम्मानित करते नगराधीश अंकित कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस के सांझा प्रयास से अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नगराधीश अंकित कुमार ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

नगराधीश अंकित कुमार ने सर जीन हेनरी डुनेंट को माल्या अर्पण करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में उनकी याद मे रेडक्रॉस दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्र देवो भव मिशन के सहयोग से आयोजित किये गए रक्तदान शिविर मे 50 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में बाबा सुखा शाह, सचिव श्याम सुंदर, प्रॉजेक्ट मैनेजर प्रीति, आशीष, तान्या, यूथ रेडक्रॉस से पिंकी, मंजू भी उपस्थित रहे।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला के गांव काहनौर में आंखों की जांच का कैंप लगाया गया, जिसमें डॉ. दिनेश शर्मा ने टीम के साथ 100 से अधिक लोगों की जांच की और जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्थानीय गऊकरण रोड़ स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेडक्रॉस समिति के संस्थापक हेनरी डुनेंट की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके किया गया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी रवि दत्त ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल चिकित्सा सुविधा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य समाज के प्रति सेवा, सहानुभूति और समर्पण के मूल्यों को प्रोत्साहित करना भी था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम ऑन द साइड आफ ह्यूमैनिटी है। कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल के संदेश को पढ़कर सुनाया गया। स्कूली बच्चों को मानवता की सेवा करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी, दीपक सैनी, मीनाक्षी, सुगंधा, सोमवीर, दयाचंद आदि मौजूद रहे।

### दूरभाष परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन

**रोहतक।** दूरभाष परामर्श दात्री समिति की बैठक बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक गोविंद सिंघल की अध्यक्षता में हुडा कॉम्प्लेक्स स्थित बीएसएनएल कार्यालय में सम्पन्न हुई। उपमंडल अभियंता नवीन धनखड़ ने पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से बीएसएनएल की वित्तीय वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों के बारे में तथा आगामी वर्ष की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के मुकाबले में 2024-25 में रोहतक वाणिज्य क्षेत्र के राजस्व में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधान महाप्रबंधक गोविंद सिंघल ने बताया कि भविष्य में 500 गांवों में 4जी कवरेज दी जाएगी।

**सूचना**

हम, जयभगवान पुत्र सुखी राम व राजवंती पत्नी श्री जयभगवान निवासीगण मकान नं. 1745, सेक्टर-1, रोहतक बयान करते हैं कि हमारा पुत्र सुमित व उसकी पत्नी इन्दु हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com
WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 6
- PRO 5
- NURSING STAFF 4
- ICU STAFF 10
- MALE NURSING STAFF 5

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

खबर संक्षेप



## थैलेसीमिया के लक्षण व उपचार की दी जानकारी

**रोहतक।** सिरतार संस्थान में विश्व थैलेसीमिया जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान में चलाये जा रहे विभिन्न कोर्स के विद्यार्थियों व सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना, इन अनुवांशिक रक्त विकार की पहचान, रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी देना रहा। डॉ. मुकेश कुमार नैदानिक मनोवैज्ञानिक ने रक्त विकार की पहचान, रोकथाम और उचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. रविन्द्र कुमार, राजवीर, शलैश कुमार, कृष्णलाल, जसप्रीत कौर व अन्जू ने थैलेसीमिया के कारण, लक्षण, परीक्षण की आवश्यकता और समय पर निदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे नियमित रक्त परीक्षण और परमार्श से थैलेसीमिया को रोका जा सकता है। डीएड (आईडीडी) प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने थैलेसीमिया के विषय पर एक स्किट की प्रस्तुति दी तथा बीएड (आईडी) के प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया।

### स्वास्थ्य विभाग ने की ताबड़तोड़ छापेमारी

# गांव जसिया में मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयों की मिली खेप

### 18 एमटीपी किट सहित 39 तरह की बिना बिल की दवाइयां मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी में गांव जसिया में मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयों की खेप मिली है। विभाग की टीम ने प्रतिबंधित दवाइयों को कब्जे में लेकर मेडिकल स्टोर संचालक को पुलिस हिरासत में दे दिया है। छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक की स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। अचानक हुई छापेमारी से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल स्टोर पर अपना ग्राहक भेजकर रंगेहाथ पकड़ने की कार्रवाई की है।

**अलग-अलग टीम बनाई**

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बनाई गई। एक टीम ने गांव




जसिया स्थित मेडिकल स्टोर पर छापा मारा, जबकि दूसरी टीम ने गांव खिड़वाली, टिटौली, लाढ़ौत मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। सिविल सर्जन ने बताया कि छापेमारी के दौरान एमटीपी किट, कोरेक्स और अन्य प्रतिबंधित नशीली दवाइयां मिली, जिन्हें ग्राहकों को बेचा रहा था।

**यह रहे टीम में शामिल**

एक टीम में ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर मनदीप मान, पीएनडीटी इंचार्ज डॉ विश्व जीत राठी, पुलिस की टीम और अन्य अधिकारी शामिल रहे।





**छापेमारी होती देख किए शटर डाउन**

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अचानक छापेमारी की कार्रवाई होती देख आसपास के मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। अधिकतर मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपने शटर डाउन कर दिए। हालांकि टीम ने केवल एक स्थान पर ही छापेमारी की।

**की जाएगी कार्रवाई**

छापेमारी के दौरान जहां प्रतिबंधित दवाइयां मिलेंगी उन मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
**-रमेश चंद्र**, सिविल सर्जन, रोहतक

**स्टोर संचालक ने 650 रुपये में दी एमटीपी किट**



*औषधि नियंत्रण अधिकारी मनदीप मान ने बताया कि काफी दिनों से इन मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयां बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर दो अलग-अलग टीम बनाकर एक साथ कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी से पहले मेडिकल स्टोर पर अपना ग्राहक को 1 हजार रुपये लेकर भेजा था। जिसके बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने 650 रुपये में एमटीपी किट दे दी। इसके बाद मेडिकल स्टोर संचालकों को रंगेहाथ पकड़ा गया है।*

**18 एमटीपी किट मिली**

*स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव जसिया में मेडिकल हाल पर छापा मारा था। वहां से 18 एमटीपी सहित कई प्रतिबंधित दवाएं मिली थीं। साथ ही मेडिकल स्टोर संचालक के पास लाइसेंस भी नहीं मिला और 39 तरह की दवा बिना बिल की भी मिली है। इसलिए मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ केस दर्ज करवाकर पुलिस को सौंप दिया है।*

***मनदीप मान**, ड्रग इंस्पेक्टर*

## विद्यालय में युद्ध सुरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी पब्लिक स्कूल डीएलएफ व कमला नगर में वीरवार को युद्ध जैसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य छात्रों व शिक्षकों को युद्ध या हवाई हमले जैसी परिस्थिति में सुरक्षित रहने के उपाय सिखाना था। ड्रिल के दौरान जैसे ही सायरन बजाया गया, छात्रों को तेजी से लाइन में लगाकर स्कूल के बेसमेंट की ओर ले जाया गया। सभी को सिखाया गया कि आपात स्थिति में बिना घबराए किस प्रकार सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी चाहिए। बेसमेंट में रहकर सुरक्षित दूरी बनाए रखना, शांति बनाए रखना और आवश्यक चीजों जैसे पानी, टॉर्च व प्राथमिक चिकित्सा किट की जानकारी भी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या रिंकु वर्मा ने बताया कि, आज की मॉक ड्रिल का उद्देश्य छात्रों को मानसिक रूप से तैयार करना था ताकि यदि कभी वास्तविक खतरे की सिथि उत्पन्न हो तो वह सही निर्णय ले सकें। इस कार्यक्रम में बच्चों को युद्ध सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। छात्रों और शिक्षकों ने पूरे अनुशासन के साथ मॉक ड्रिल में भाग लिया और इसे पूरी तरह सफल बनाया।

### पोस्टर मेकिंग में प्रीति ने पाया प्रथम स्थान




**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय यूथ रेड क्रॉस दिवस पर वैश्य महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने वॉलिंटियर्स को हमेशा समाज सेवा के लिए प्रेरित रहने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति आती है तो हमें हर इंसान की मदद करनी चाहिए। आईआरसी कोऑर्डिनेटर डॉ विनीत बाला ने भी यूथ रेड क्रॉस के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला।

## राजेश बामल बने एसबीआई अधिकारी संघ मंडल के प्रधान

*टीम ने 95 प्रतिशत से ज्यादा पदों पर जीत दर्ज की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ चंडीगढ़ मंडल के वीरवार को हुए त्रिवार्षिक चुनावों में रोहतक मंडल राजेश बामल प्रधान पद के लिए चुने गए है। जितेंद्र सिवाच उप महासचिव, भारती महिला प्रतिनिधि व राजकुमार पूनिया सहायक महासचिव, चुने गए है। प्रियव्रत मंडल महासचिव और राजीव सरहिंदी मंडल प्रधान के नेतृत्व में अपनी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत से ज्यादा पदों पर अपनी प्रचंड जीत दर्ज की है। मेनपाल सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह देशवाल पानीपत, आशीष पंघाल हिसार, विनोद कुमार रेवाड़ी, चंचल कुमार सिरसा को (क्षेत्रीय सचिव) और लवनीश कैला, पंकज कौंडल, रजत सैनी, राकेश को आंचलिक समिति सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है। रोहतक क्षेत्रीय कार्यालय में पहुंचने पर क्षेत्रीय प्रबंधक अमित यादव, सहायक महाप्रबंधक कृष्ण और मुख्य प्रबंधक अजीत, योगेंद्र देशवाल, ज्योति बेरवाल ने नवनिर्वाचित



टीम का स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। सभी अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रीय प्रबंधन सदैव अधिकारी संघ के साथ मिल जुलकर सभी अधिकारी सदस्यों के हितों और कल्याण के लिए हरसंभव काम करेगा और हम सब अपने बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे। इस दौरास सोनू जागलान, कृष्ण खट्टर, अजयदीप मोर आदि उपस्थित रहें।



### हेल्थ एंड हाइजीन वर्कशॉप का आयोजन

**रोहतक।** द आर्यन गलोबल स्कूल में छात्राओं के लिए हेल्थ एंड हाइजीन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का आयोजन उमा, आशु और सुरेश की अध्यक्षता में किया गया, जिसका विषय शारीरिक स्वच्छता रहा। छात्राओं को बताया कि माहवारी के दौरान उचित स्वच्छता का पालन करना महत्वपूर्ण है। लड़कियों को प्रत्येक अंगों को साफ रखने की आवश्यकता होती है। स्वस्थ रहने के लिए एक संतुलित आहार की आवश्यकता होती है, जिसमें प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स शामिल हों। पर्याप्त नींद लेने की भी आवश्यकता होती है, ताकि वे स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस कर सकें। उन्होने छात्राओं को बहुत-सी ज्ञानवर्धक जानकारियां प्रदान की। स्कूल निदेशिका सुनीता अहलावत ने कहा कि ऐसी वर्कशॉप का आयोजन करवाने का उद्देश्य छात्राओं को जागरूक करना है। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य आरके खन्ना सहित अन्य मौजूद रहे।

## छात्राओं को रक्तदान के लिए किया प्रेरित

- सैनी इंस्टिट्यूट ऑफ गर्ल्स एजुकेशन में वर्ल्ड यूथ रेडक्रॉस डे मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सैनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ गर्ल्स एजुकेशन में वीरवार को वर्ल्ड यूथ रेड क्रॉस डे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज प्रधान धर्म सिंह दहिया, उप प्रधान सुरेंद्र सिंह सैनी और मुख्य वक्ता के तौर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के पूर्व सचिव आरपी सैनी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि रेडक्रॉस की इंटरनेशनल कमेटी के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट की जयंती को वर्ल्ड यूथ रेडक्रॉस डे के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने यूथ रेड क्रॉस की वॉलिंटियर्स और छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वयं 37वीं बार रक्तदान किया है, रक्तदान करने से शरीर में खून की कमी नहीं होती। उन्होंने छात्राओं को यूथ रेडक्रॉस के बारे में जानकारी दी व उन्हें अचानक होने वाली दुर्घटनाओं व उनके रोकथाम के लिए उपायों से अवगत कराया। कार्यक्रम में वाईआरसी वॉलिंटियर्स ने दुर्घटना में बचाव कैसे किया जाता है, इसका डेमो देकर बताया। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर पूजा सैनी, डॉ शोभा सैनी, डॉ रेखा रानी, डॉ मीनू ,सोनिया सिंह वाईआरसी वालंटियर्स एकता, हिमानी, दुर्गा, श्वेता, आरजू, तानिया, अंजू, अंजलि, सपना, सोनिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

### साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी



**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में साइबर क्राइम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. मनीषा, पूजा, आईटी प्रभारी जोगेंद्र ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सजग करना और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की जानकारी देना रहा। मुख्य वक्ता एसआई प्रवीण कुमार (साइबर विशेषज्ञ) ने छात्रों को साइबर अपराधों के जैसे फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलीइंग, डाटा हैकिंग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में सचेत रहना अत्यंत आवश्यक है।



### ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में हुई मॉक ड्रिल

**रोहतक।** ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल दत्तौड़ में वीरवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्कूल के डायरेक्टर एएस कौशिक तथा सह निर्देशिका संतोष कौशिक ने सभी विद्यार्थियों को परिस्थितियों के विषय में बतलाया और न डरने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त हमले के समय किस प्रकार जान की रक्षा की जाए और एक दूसरे की सहायता किस प्रकार की जाए यह भी भली भांति समझाया गया। मॉक ड्रिल के अंतर्गत क्लास रुम में बैंच या कोने में बैठने के अतिरिक्त यदि बच्चे प्ले ग्राउंड में या क्लास रुम में है। किस प्रकार बचा जाएगा यह बताया गया। अंत में वायस प्रिंसिपल तनु सचदेवा तथा हैड मिसट्रैस ज्योति अत्री के द्वारा बच्चे को निडर होकर सूझ बूझ से काम करने के तरीके बताए गए।

## हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की हुई बैठक

- पहलगाम में हुए नरसंहार में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का रखा मौन व पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की वीरवार को मासिक बैठक मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब रोहतक में हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के सदस्य व हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज के बहुत से सदस्यों ने भाग लिया। सर्व प्रथम राज्य संगठन सचिव जय भगवान शर्मा के निधन व पहलगाम में हुए नरसंहार में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार को हमेशा कर्मचारी व पेंशनर्स हितेषी होना चाहिए। लेकिन वर्तमान सरकार 31 दिसम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनर को 8वे वेतन आयोग में होने वाले लाभों से वंचित करने की तथा पेंशसनर्स को दो भागों मे बांटने की और पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात करने की सोच रही है। इस अन्याय को हरियाणा स्टेट पेंशसनर्स समाज बिल्कुल भी सहन नहीं करेगा। हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज अपनी मांगों के लिए कई सालों से धरने प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन सरकार इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश का कोई भी वर्ग खुश नहीं हैं। राज्य लीगल सेल के मुखिया महेंद्र सिंह ने नोशनल इंक्रिमेंट केस जिसका पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला, जो पेंशनर्स के पक्ष में आया है इस फैसले के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त करतार सिंह सहारण, सतीश शर्मा, राम रती, मुख्याध्यापक राजबीर व राज्य कोषाध्यक्ष तूही राम शर्मा, धर्म कौर, रोशनी हुड्डा ने अपने विचार रखे।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान मेहर सिंह नैन, कोषाध्यक्ष तुहीराम शर्मा, राज्य लीगल सैल के महेंद्र सिंह,राज्य उपाध्यक्ष धर्मकौर व राज्य महासचिव रोशनी हुड्डा मौजूद रही।



### पांच हजार रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने 5 हजार रुपये ईनामी आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी सीसर निवासी युवक की हत्या की वारदात में फरार चल रहा था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि जींद रोड से बहुअकबरपुर रोड नजदीक गोल चक्कर के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान बलराम निवासी गांव सीसर खास के रूप में हुई। युवक के पास से एक पिस्तौल व 6 रौंद बरामद हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**समस्या** गंदगी से फैल रही बीमारियां, लोगों ने सड़कों पर किया प्रदर्शन

# कच्चा बेरी रोड से डेयरियां शिफ्ट नहीं हाफने लगा सीवरेज सिस्टम, दिया जवाब

*घरों में सीवर मार रहे बैक, कई बार शिकायत किए जाने पर भी समस्या ज्यों की त्यों*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कच्चा बेरी रोड पर डेयरियों के बाहर न निकलने के कारण सीवर सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। जिससे सीवर घरों में बैक मार रहे हैं। सड़कों पर दूषित पानी जमा हो रहा है। लोगों को पैदल चलने तक की नौबत आई हुई है। इससे पूर्व में भी बहुत बार प्रदर्शन कर चुके लेकिन समाधान किया ही नहीं जा रहा है। निगम में भी अधिकारियों को शिकायत कर चुके, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। वार्ड 18 के पार्षद पति जितेंद्र रोहिल्ला ने कहा कि यहां के लोग नर्क में जीने को मजबूर है। निगम चुनाव के दौरान जब वह वोट मांगने आए थे, तभी भी यही हाल था। गंदगी की समस्या को लेकर प्रशासन को बोलते हैं तो दो दिन सफाई करते हैं, फिर वही हाल हो जाता है। जब तक डेयरी कन्हेली रोड पर शिफ्ट नहीं होती, तब तक ऐसे ही समस्या बनी रहेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि डेयरियों को बाहर शिफ्ट करने पर जोर दिया जाएगा। गंदगी के कारण यहां बच्चों का रिश्ता होना भी मुश्किल हो गया है। गंदगी में लोगों का जीवन नर्क से भी बदतर हो गया है। कल नगर निगम की बैठक है, उसमें यह मुद्दा उठाया जाएगा।

**स्कूटी सवार फिसलकर गिरा, आईं चोटें**

गंदगी के कारण बीमारियां फैल रही है। गोबर के कारण कल एक स्कूटी सवार युवक गिर गया, जिसे काफी चोट भी लगी है। फिलहाल मशीन लगवाकर सफाई करवाएंगे, लेकिन स्थायी समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। अब ट्रिपल इंजन सरकार है और अब कोई बहाना नहीं चलेगा कि कोई सुनता नहीं। अब सुननी पड़ेगी।